सराहनीय कार्य दिनाँक 15.04.2024 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

- **थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कई मुकदमे हैं पंजीकृत ।**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14-04-2024 की रात्रि में एटा रोड पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति इटोली रोड पर अवैध असलहा लिए खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर युवक की घेराबन्दी की गयी तो युवक ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए कुछ दूर दौड़कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस एवं 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ.सं0 241/24 धारा 307 भा0द0वि0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-:

पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कुछ समय पहले दिनांक 12/3/24 को मैंने अपने साथियों के साथ प्रोफेसर कालोनी में फायरिंग की थी जिसके सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मुकदमा भी पंजीकृत है। आज आप लोगों को अचानक आते देख मैने अपने आप को घिरता देख व बचने के लिये आप लोगों पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया था। साहब मुझसे गलती हो गयी है मुझे माफ कर दो आगे से मैं ऐसा काम नही करूंगा। अवैध असलहा के बारे में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि मेरे पास जो तंमचा है वह अपनी सुरक्षा के लिए व लोगों को डराने धमकाने के लिये रखता हूं।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान--- दिनांक 14.4.2024 समय रात्रि करीब 22.40 बजे इटोली रोड थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1.ऋषि यादव पुत्र स्व0 विनोद यादव नि0 अकबरपुर थाना जसराना व हाल नि0 गणेश नगर एटा रोड कस्बा व थाना शिकोहाबाद उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी –

1. 01अदद तमंचा 315 बोर।
2. 01अदद जिन्दा कारतूस।
3. 01 अदद खोखा कारतूस।

अभियुक्त ऋषि यादव उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 157/24 धारा 286 IPC थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 196/23 धारा 323/ 354(ख)/ 452/504/ 506 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 629/22 धारा 352/427/504/506 भादवि0 व 3(1)घ,द एससी एसटी एक्ट थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 241/24 धारा 307 भा0द0वि0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजावाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री प्रबल प्रताप सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री त्रिमोहन सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
4. का0 872 सन्तोष कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद